दिन– शनिवार | दिनांक– 29/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित। समस्तीपुर की साक्षी, बेतिया की अंशु और भोजपुर के रंजन बने संयुक्त टॉपर। तीन छात्रों ने दूसरे और पांच छात्रों ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे पर थोड़ी देर में पटना पहुंच रहे हैं। भाजपा नेताओं के साथ आज करेंगे बैठक। कल गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में करेंगे विधानसभा चुनाव का शंखनाद।

03. रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने चर्चित अलकतरा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन और चार अन्य दोषियों को तीन–तीन वर्ष की सजा सुनाई।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि इस वर्ष पहले और दूसरे स्थान पर तीन–तीन विद्यार्थी संयुक्त रूप से रहे हैं, जबकि पांच विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने अबतक का सबसे फास्ट रिजल्ट जारी किया है।

———बाइट———

उन्होंने बताया कि समस्तीपुर के नरहन जे.पी.एन हाई स्कूल की छात्रा साक्षी कुमारी, बेतिया के भारतीय इंटर कॉलेज की छात्रा अंशु कुमारी और भोजपुर के अगिआंव हाई स्कूल के छात्र रंजन वर्मा ने चार सौ नवासी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, बक्सर के आदर्श हाई स्कूल के छात्र पुनीत कुमार सिंह, जमुई के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र सचिन कुमार राम और मुंगेर के आर.एन. एंड पी.आर. हाई स्कूल के छात्र प्रियांशु राज चार सौ अट्ठासी अंक लाकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

जारी परिणाम के अनुसार बांका के, बेलहर उत्क्रमिक माध्यमिक स्कूल के छात्र मोहित कुमार, बांका के बेसवरवा उत्क्रमिक माध्यमिक स्कूल के छात्र सुरज कुमार पांडेय, रोहतास के आर.आर. स्कूल की छात्रा खुशी कुमारी, आजमनगर आर.के. हाई स्कूल के छात्र प्रियांशु रंजन और जमुई के सिमुलतला आवासीय विद्यालय के रोहित कुमार ने चार सौ सतासी अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस बार मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में पन्द्रह लाख अंठावन हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुये थे। इसमें बारह लाख उनासी हजार दो सौ चौरानवे छात्रों ने सफलता प्राप्त की। पास होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत बयासी दशमलव एक–एक रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि इस वर्ष टॉप स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को दी जाने वाली इनामी राशि दोगुनी कर दी गयी है।

———बाइट———

————————————————————————————————

समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड के नरहन स्थित जे.पी.एन.एस. हाई स्कूल की छात्रा साक्षी ने बताया कि मेहनत और लगन से कोई भी काम किया जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

———बाइट———

बेतिया के भारतीय इंटर कॉलेज की छात्रा अंशु कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय मुख्य रूप से अपनी बड़ी बहन पूजा कुमारी को दिया है, जो प्राइवेट शिक्षक हैं।

———बाइट———

मुंगेर के आर. एन एंड पी.आर. हाई स्कूल के छात्र प्रियांशु राज ने बताया कि सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन क्लास से मदद मिली। मेरा फोकस आईएएस बनना है देश की सेवा और भ्रष्टाचार को खत्म करना है।

———बाइट———

प्रदेश में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे कटिहार जिले के आजमनगर आर. के. हाई स्कूल के छात्र प्रियांशु रंजन ने बताया कि नियमित अध्ययन और सही रणनीति अपनाने से यह सफलता संभव हुई।

———बाइट———

————————————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने छात्र–छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लड़कियों का आत्म विश्वास बढ़ा है और वे हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने सफल छात्रों को बधाई दी है।

———————————————————————

रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने चर्चित अलकतरा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन और चार अन्य दोषियों को तीन–तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दोषियो पर बत्तीस–बत्तीस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सीबीआई ने वर्ष, उन्नीस सौ सत्तानवे में सीबीआई ने अलकतरा के फर्जी ट्रांसपोर्टेशन का मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने भ्रष्टाचार निरोधक कानून की अलग अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर, थोडी देर में पटना पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे पटना और गोपालगंज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री पटना पहुंचने के तुरंत बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि केंद्रीय मंत्री कल गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

———बाइट———

गोपालगंज जाने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह पटना के बापू सभागार में सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इधर, सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि श्री शाह कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दरभंगा में नवनिर्मित मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। श्री शाह सहकारी बैंकों के माईक्रो एटीएम का वितरण करेंगे। इसके अलावा वे राज्य के दो पैक्स में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे।

———————————————————————

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया–अठावले के प्रमुख और केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी एनडीए के पक्ष में प्रचार करेगी। श्री अठावले ने आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर बोधगया स्थित बीटीएमसी में बौद्ध भिक्षुओं को संपूर्ण प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग भी की।

————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि उनकी पार्टी हर स्तर पर अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। पटना में प्रदेश कार्य समिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पारस ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चौदह अप्रैल राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में रणनीति का खुलासा किा जायेगा।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न  भागों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के दक्षिण–मध्य, दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर तेज गर्म हवा के कारण अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रोहतास का डिहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान उनचालीस दशमलव दो डिग्री

सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बताया है कि अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत की संभावना नहीं है।

---बाइट---

---

बिहार की प्रतिष्ठित संस्था इनर्जी इंटरनेशनल के संस्थापक अध्यक्ष विजय नारायण झा को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान के लिए साउथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी ने सम्मानित किया है। गोवा के पणजी में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क की उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉ. झा ने सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में सहायक उर्दू अनुवादक के पद पर चयनित सात सौ पंद्रह अभ्यर्थियों में से पचास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शेष छह सौ पैंसठ अभ्यर्थियों को जिलाधिकारी ने नियुक्ति पत्र दिया।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए आज विभिन्न कॉलेजों में बनाये गये चालीस मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हो गया। पटना आर्ट कॉलेज केंद्र पर मतगणना का कार्य जारी है। परिणाम देर रात तक आने की सम्भावना है।

---

कटिहार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही और अवैध उगाही की शिकायत मिलने पर उपविकास आयुक्त अमित कुमार ने दो आवास सहायक–पंकज कुमार दास और अंजनी तिवारी को चयनमुक्त कर दिया है।

---

सुपौल जिले में नवनिर्मित पिपरा रेलवे स्टेशन से चलकर सीआरएस स्पेशल ट्रेन सुपौल रेलवे स्टेशन पहुंची। सीआरएस स्पेशल ट्रेन के द्वारा पिपरा और सुपौल रेलवे स्टेशन के बीच स्पीड ट्रायल किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित। समस्तीपुर की साक्षी, बेतिया की अंशु और भोजपुर के रंजन बने संयुक्त टॉपर। तीन छात्रों ने दूसरे और पांच छात्रों ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे पर,थोड़ी देर में पटना पहुंच रहे हैं। भाजपा नेताओं के साथ आज करेंगे बैठक। कल गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में करेंगे विधानसभा चुनाव का शंखनाद।

03. रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने चर्चित अलकतरा घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन और चार अन्य दोषियों को तीन–तीन वर्ष की सजा सुनाई।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।